हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 31 मार्च 2025, समय 1305 (5 मिनट)

आज ईद का त्यौहार पूरी श्रद्धा और उत्साह से मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईद-उल-फितर के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है।राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह त्योहार भाईचारे की भावना को मज़बूत करता है। उन्होंने कामना की कि यह त्योहार सभी के जीवन में शांति, समृद्धि और खुशियां लेकर आए और अच्छाई के मार्ग पर आगे बढ़ने की भावना को मज़बूत करे।उपराष्ट्रपति ने कहा कि ईद लोगों को उनकी सांस्कृतिक विविधता और उन्हें एकजुट करने वाले बंधनों से मिलने वाली ताकत की याद दिलाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ईद-उल-फितर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने उम्मीद जताई कि यह त्योहार समाज में आशा, सद्भाव और करुणा की भावना को मज़बूत करेगा। उन्होंने सभी के प्रयासों में खुशी और सफलता की कामना की।

****

हरियाणा के विभिन्न जिलों से मुस्लिम समाज द्वारा ईदगाहों में नमाज़ अदा किए जाने के समाचार मिले हैं।जींद में मस्जिद के शाही इमाम मोहम्मद दीन ने हमारे संवाददाता को बताया:

मस्जिद में आए कई नमाजियों ने भी हमारे संवाददाता से अपने विचार साझा किए। एक नमाज़ी ने कहा:-

रोहतक में शहर की नूरानी मस्जिद में मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक नमाज़ अता की और देश व दुनिया में अमन चैन के लिए दुआ मांगी।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल देर शाम ब्रहमसरोवर व जियो गीता व धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से नव वर्ष व नव सम्वत पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की।इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि

उन्होंने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र विश्व में एक धाम के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार व गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने नव वर्ष नव सम्वत के आगमन पर ब्रहमसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में महाआरती कर प्रदेशवासियों की सुख

समृद्धि के लिए कामना की। मुख्यमंत्री गीता ज्ञानम संस्थानम भी गए और वहां पर संस्थानम की तरफ से नव वर्ष पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लिया।

****

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कल करनाल के वरिष्ठ उपाध्याय मनोहर मुनि जैन पब्लिक स्कूल के 25वें स्थापना समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहां कि शिक्षा महज नौकरी पाने का जरिया नहीं है बल्कि यह जीवन परिवर्तन का मार्ग है।श्री दत्तात्रेय ने कार्यक्रम में छात्रों द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को सभी के लिए प्रेरणादायी बताया । उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में लखपति दीदी और ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं की शुरुआत की गई है, जिसका लाभ महिलाएं उठा रही हैं।राज्यपाल ने कहा कि भारत तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। विश्व की बड़ी शक्तियों में भारत का नाम गिना जाता है। देश को आगे बढ़ाने में हमारी युवा शक्ति का अहम योगदान है।

****

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कल पलवल के वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप चौक पर पलवल शहर के सौंदर्यीकरण से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा देश-प्रदेश में चहुंमुखी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला समय में पलवल के विकास का खाका तैयार होगा तथा पलवल जिला का और अधिक तेज गति से विकास होगा।

****

हरियाणा के खेल और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने पलवल के गांव लालपुर कदीम में 62 लाख रुपए की लागत से बारात घर, टीन शेड एवं सामुदायिक भवन सहित अन्य कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया। उन्होंने गांव की फिरनी, शमशान घाट की चारदीवारी और 2 रास्तों को पक्का करने की घोषणा भी की।खेल मंत्री ने युवा पीढ़ी से खेलों में आगे आने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि खेलने से बच्चों को अच्छा स्वास्थ्य मिलेगा और साथ ही वे नशे जैसी कुरीतियों से भी दूर रहेंगे ।

****

नवरात्र के दूसर दिन आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी धर्मपत्नी सुमन सैनी के साथ शक्तिपीठमाता मनसा देवी मंदिर में माथा टेका और हवन यज्ञ में आहुतियां डाल मां सेप्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान हरियाणा विधानसभा के पूर्वविधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता एवं बंतो कटारिया सहित कई गणमान्य व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों से बातचीत

में कहा कि उन्होंने माता से हरियाणा वासियों के अचे स्वास्थय और समृद्धी के लिए प्राथना की है।